चूहा नियंत्रण

40 भाग गेहूँ, चना, ज्वार आदि अनाज तीन चार घंटे पानी में भिगो दें इसके बाद इसे निथारें और थोड़ी हवा लगने दें अब इसमें थोड़ा तेल मिला दें। एक भाग जिंक फास्फाइड जहर को अनाज में दस्ताने पहन कर अच्छी तरह मिला कर 2% का जहरीला चारा तैयार करें इस जहरीले चारे को बिलों के पास रखने से पहले चूहों को भ्रमित करने के लिए सादा चारा एक दो बार रखें। उपरोक्त के अतिरिक्त यदि आवश्यकता हो तो एल्यूमीनियम फॉस्फाइड दवा बिलों में रख कर बिलों को गीली मिट्टी से बंद कर दें।

ध्यान दें -

1. कीट नियंत्रण हेतु सेक्स फेरोमेन एवं लाइट ट्रेप का प्रयोग भी प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। इसके सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी चीनी मिल के गन्ना विकास विभाग से प्राप्त कर सकते हैं।
2. चूहा नियंत्रण हेतु सभी ग्राम वासियों को मिलकर अभियान चलाना चाहिए।